## प्रेस नोट जनपद बागपत

**थाना कोतवाली बागपत** **दिनाँक 05.10.2025**

**थाना कोतवाली बागपत पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 606/25 धारा 281/125बी/109(1) बीएनएस से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।**



**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 04-10-2025 को थाना कोतवाली बागपत पर वादी वंश पुत्र भारत निवासी ग्राम निरोजपुर गुर्जर थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत ने लिखित तहरीर दी कि अभियुक्तों 1. गौरव पुत्र सतीश निवासी ग्राम पाबला बेगमाबाद थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत (गाडी चालक) 2. सन्जू पुत्र किरणू उर्फ किरणपाल निवासी ग्राम निरोजपुर गुर्जर थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत 3. साहिल पुत्र नामालूम निवासी ग्राम बली थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत द्वारा अपनी गाडी स्कार्पियो को तेजी व लापरवाही से चलाकर वादी के भाई की मोटर साईकिल में जान से मारने की नियत से दो बार टक्कर मार दी, जिससे वादी के भाई अक्षय पहलवान व हरिओम गम्भीर रूप से घायल हो गये । इस सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली बागपत पर मु0अ0सं0 606/25 धारा 281/125बी/109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

**कार्यवाही-**

**बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली बागपत पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 606/25 धारा 281/125बी/109(1) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

**गौरव पुत्र सतीश कुमार निवासी ग्राम पावला बेगमाबाद थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**1-उ0नि0 धीरज कुमार थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत।**

**2-है0का0 551 छत्रपाल थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत।**

**प्रेस नोट जनपद बागपत**

**थाना बडौत** **दिनांक 05.10.2025**

**थाना बडौत पुलिस ने चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद।**

**कार्यवाही:-**

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बडौत पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद हुआ है।



उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बडौत पर आवश्यक एवं वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

चाँद पुत्र अफलातून निवासी काशीराम कॉलोनी कस्बा व थाना बड़ौत जनपद बागपत।

**बरामदगी का विवरण-**

- 01 अवैध चाकू।

## <u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>

**1- उ0नि0 श्री आदित्य कुमार थाना बडौत जनपद बागपत।**

**2- है0का0 633 रुस्तम कुमार थाना बडौत जनपद बागपत।**

**3- का0 647 प्रवीण भाटी थाना बडौत जनपद बागपत।**

### बागपत पुलिस

### थाना बिनौली

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक 05.10.2025 को थाना बिनौली पुलिस की एंटी रोमियो टीम द्वारा महिला को परेशान करने और अशिष्ट व्यवहार (टोंट) करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 126/135/170 बीएनएसएस के तहत कानूनी कार्रवाई की गई।




#MissionShakti 5
#MissionShaktiUPP

### बागपत पुलिस

### थाना कोतवाली बागपत

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक 05/10/2025 को थाना कोतवाली बागपत क्षेत्रान्तर्गत कस्बा में आइसक्रीम लेने आई बच्ची रास्ता भटक जाने के कारण कस्बा में अकेली घूम रही थी। मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल तलाश करते हुए लगभग 3 वर्षीय अफीफा को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। टीम ने परिजनों को बच्ची की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की हिदायत दी। इस त्वरित और मानवीय कार्रवाई की कस्बा वासियों द्वारा व्यापक सराहना की गई।




#MissionShakti 5
#MissionShaktiUPP

**प्रेस नोट जनपद बागपत दिनाँक 05.10.2025**

## गैर जमानती वारण्ट 84 / 85 बीएनएसएस की गठित टीम द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण थानावार जनपद बागपत ।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, मेरठ द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक बागपत के पर्यवेक्षण में जनपद बागपत में अपराध रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गैर-जमानती वारंट एवं 84/85 बीएनएसएस की कार्यवाही की गई । इस कार्यवाही के लिए पूर्व से ही टीम गठित की गई थी, जो प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है ।

**दिनांक 04.10.2025 को गैर जमानती वरण्ट, 84/85 बीएनएसएस की गठित टीम द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण थानावार जनपद बागपत**

| क्र0सं0 | नाम थाना | गठित टीम की संख्या | अभियान के दौरान गिर0 की संख्या | अभियान के दौरान धारा 84/85 बीएनएसएस की कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बागपत | 7 | 15 | 1 |
| 2 | सिं0अहीर | 5 | 1 | 4 |
| 3 | बिनौली | 6 | 3 | 2 |
| 4 | खेकडा | 5 | 5 | 0 |
| 5 | चांदीनगर | 1 | 2 | 1 |
| 6 | बालैनी | 2 | 4 | 0 |
| 7 | बडौत | 6 | 8 | 6 |
| 8 | दोघट | 1 | 0 | 0 |
| 9 | रमाला | 4 | 5 | 0 |
| 10 | छपरौली | 1 | 2 | 1 |
| 11 | महिला थाना | 1 | 0 | 0 |
| कुल योग | | 39 | 45 | 15 |